आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.05.2025 समय : 1905

- देश ने ए.आई. का उपयोग कर किसानों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।
- भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण द्वारा आज पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।
- दिव्यांगजनों के कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए समग्र क्षेत्रीय केंद्र ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।
- श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद में वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कनिष्ठ उपाध्यक्ष का चयन।

<><><><><><><>

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत की कौशल क्षमता पूरे विश्व में सबसे अधिक है। आज जारी की गई यू एन डी पी की रिपोर्ट के अनुसार देश ने ए.आई. का उपयोग कर किसानों और छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। बीस लाख से अधिक सॉफ़्टवेयर डेवलपर्स के कौशल के साथ, भारत ए.आई. परिदृश्य में निरंतर विकास कर रहा है। रिपोर्ट में स्वास्थ्य सेवा और कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ए.आई. के प्रभावी एकीकरण पर भी प्रकाश डाला गया है।

<><><><><><><>

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण द्वारा आज महासागर अध्ययन और समुद्री जीव विज्ञान के छात्रों के लिए समुद्री शैवाल के संग्रह, संरक्षण एवं पहचान में नवीन अभिक्षमता पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को महासागर अध्ययन और समुद्री जीव विज्ञान पर तकनीकी कौशल प्रदान करना है। उद्घाटन अवसर पर भारतीय प्राणी सर्वेक्षण और विज्ञान केन्द्र के अतिरिक्त निदेशक और प्रभारी अधिकारी डॉ. सी. शिवपेरूमन मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में डॉ. शिवपेरूमन ने कार्यक्रम के महत्व और महासागरीय अध्ययन एवं समुद्री जीवन विज्ञान वर्गिकी के छात्रों के लिए टैक्सोनोमिस्ट के रूप में कौशल के महत्व और द्वीपों में जैव विविधता के संरक्षण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आरंभ में अपर निदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. लालजी सिंह ने उपस्थिति को कार्यशाला और लर्निंग मॉड्यूल के बारे में जानकारी देते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों पर चर्चा की।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज संघ डेयरी फार्म स्थित शतरंज केंद्र में दस से बारह मई तक अंडर–नाइन, चयन ट्रायल आयोजित करेगा। लड़कियों के लिए चयन ट्रायल दस मई को और लड़कों का चयन ट्रायल ग्यारह मई को होंगा, जबकि बारह मई को टाई–ब्रेक या आवश्यकतानुसार अतिरिक्त राउंड के लिए आरक्षित दिन रखा गया है। इस चयन कार्यक्रम का उद्देश्य दो लड़कों और दो लड़कियों का चयन करना है, जो पन्द्रह से इक्कीस जून, तक हरियाणा में होने वाली अड़तीसवीं राष्ट्रीय अंडर–नाइन शतरंज चैंपियनशिप में द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक जनवरी, 2016 को या उसके बाद पैदा हुए खिलाड़ी चयन ट्रायल में भाग लेने के पात्र हैं। इच्छुक खिलाड़ी नौ मई शाम साढ़े पांच बजे तक अंडमान निकोबार शतरंज संघ कार्यालय, डेयरी फार्म में अपनी प्रविष्टियाँ जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दिव्यांगजनों के कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए समग्र क्षेत्रीय केंद्र ने अपनी उपलब्धियों, सेवा पहुंच और भविष्य की पहलों पर प्रकाश डालते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त सचिव राजीव शर्मा, मुख्य अतिथि थे। राजीव शर्मा ने भारत सरकार की ए डी आई पी योजना के तहत सहायता और उपकरण भी वितरित किए। कार्यक्रम में बोलते हुए, संयुक्त सचिव, राजीव शर्मा ने द्वीपों में सी आर सी–ए का विस्तार करने के मंत्रालय के दृष्टिकोण पर जोर दिया। भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निदेशक डॉ. नचिकेता राउत ने सी आर सी की पुनर्वास सेवाओं को मजबूत और विस्तारित करने पर बल दिया। सामाजिक कल्याण निदेशालय के परिवीक्षा अधिकारी अशोक बिस्वास ने बताया कि एक स्थायी सी आर सी परिसर के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया सक्रिय रूप से चल रही है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष एस. शाहुल हमीद की अध्यक्षता में, आज दोपहर तीन बजे श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के सम्मेलन कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वार्ड नंबर–तेईस की पार्षद डी. राधिका को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और वार्ड नंबर– बाईस के पार्षद राजेश राम को श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद का कनिष्ठ उपाध्यक्ष घोषित किया गया।

<><><><><><><>

सैन्य विमानों द्वारा कल, चौदह, इक्कीस और अट्ठाईस मई को सवेरे दस से बारह बजे तक और आठ, तेरह, बीस और सत्ताईस मई को दोपहर दो से चार बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान सभी संबंधित लोगों तथा उनके अपने मवेशियो को फायरिंग रेंज से दूर रखने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>

उद्योग निदेशालय द्वारा कन्यापुरम ग्राम पंचायत में हस्तशिल्प पर आयोजित पन्द्रह दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल समापन हो गया। इस पहल का उद्देश्य कारीगरों को बाजार—प्रासंगिक विशेषज्ञता प्रदान करके स्वरोजगार को बढ़ावा देना और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना था। समापन समारोह में कन्यापुरम ग्राम पंचायत के प्रधान पी अब्दुल बशीर, उप—शिक्षा अधिकारी डॉ. मनोहरन, समाज सेवक एम बी अब्दुल रशीद और अन्य समुदाय के सदस्य उपस्थित थे। अपने संबोधन में, पी अब्दुल बशीर ने स्थानीय बाजार की जरूरतों के अनुरूप सामानों को तैयार करने और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सहायता सेवाएं प्रदान करने के लिए उद्योग निदेशालय की सराहना की। कार्यक्रम में कुल पैंतीस प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित खालसा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में अण्डमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ के सहयोग से कल से पच्चीस जून तक मार्शल आर्ट, वुशू, बॉक्सिंग, रग्बी, ताइक्वांडो और टेबल टेनिस के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश खेल शिविर का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ियों को पंजीकरण करने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए खालसा पब्लिक स्कूल के खेल प्रभारी टी. जयराम से फोन नंबर—9933216863 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

चिन्मय मिशन में आठ मई को विश्व—व्यापी संस्थापक पूज्य स्वामी चिन्मयानंदजी की एक सौ नौवीं जयंती मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम शाम चार बजे से रात आठ बजे तक होगी। कार्यक्रम गीता पाठ के साथ शुरू होगा, जिसके बाद गुरु पादुका पूजा, भजन और सत्संग होगा। रात आठ बजे आरती होगी और उसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। जयंती समारोह के एक भाग के रूप में मिशन के सदस्य कल फेरारगंज वृद्धाश्रम का दौरा करेंगे और आश्रम के निवासियों को मिठाई वितरित करेंगे। मिशन ने जयंती कार्यक्रम के लिए नागरिकों को आमंत्रित किया है।

<><><><><><>

मालवाहक जहाज एम वी चुगलम गुरुवार आठ मई को सवेरे आठ बजे जंगलीघाट जेट्टी से कैम्पबेल–बे के लिए रवाना होगा और संबंधित बंदरगाहों पर माल उतारने व  चढ़ाने के तुरंत बाद नानकौड़ी, कच्छाल, तेरेसा, चौरा और कार–निकोबार होते हुए श्री विजयपुरम के लिए वापस आएगा। लोगों से भेजे जाने वाले कार्गो की वास्तविक मात्रा बुक करने को कहा गया है, कोई भी अतिरिक्त कार्गो स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**<><><><><><><>**